C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:30 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:01 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 254 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 4 अप्रैल 2024

सीधे ओटीटी पर रिलीज ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### निजी अस्पताल में फायर कर्मी की उपचार के दौरान मौत

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर फायर स्टेशन में तैनात कर्मी की एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर कोतवाल समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम खेत धारचूला पिथौरागढ़ निवासी 38 वर्षीय महेश सिंह बंग्याल पुत्र स्व राजेंद्र सिंह वर्ष, 2011 में भर्ती हुआ था। वर्तमान में वह रुद्रपुर फायर स्टेशन में तैनात था। कुछ दिन पहले उसकी हालत खराब हो गई थी। जिस पर उसे जिला अस्पताल ले गए थे। जहां उसकी हालत गंभीर देखकर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि कर्मी को रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया था। गुरुवार सुबह उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सूचना पर सीएफओ इशन कटारिया, कोतवाल धीरेंद्र कुमार, एसएसआइ केसी आर्या समेत अन्य पुलिस और फायर स्टेशन अधिकारी और कर्मचारी अस्पताल पहुंचे। बाद में पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर जेपी नड्डा

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का दो उत्तराखंड में चुनाव प्रचार अभियान को धार देंगे। वहीं लोकसभा चुनाव में प्रचार गरमाने के लिए भाजपा अगले हफ्ते अपने स्टार प्रचारकों को झोंक देगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 अप्रैल को गोपेश्वर और अल्मोड़ा में चुनावी जनसभाएं करेंगे।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बृहस्पतिवार को चुनाव प्रचार गरमाने उत्तराखंड आएंगे। दो दिवसीय दौरे में वह पिथौरागढ़ और विकासनगर में चुनावी जनसभाएं करेंगे। उनका हरिद्वार में एक रोड शो भी होगा। इसके अलावा बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, शक्ति केंद्र स्तर की महत्वपूर्ण त्रिदेव सम्मेलन एवं लोकसभा स्तर की चुनाव कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे।

# बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण

उत्तरांचल दीप

**सलीम खान, हल्द्वानी**

अग्नि प्राइम मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप पर कल शाम करीब सात बजे किया गया।

भारतीय सेना की स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड ने डीआरडीओ के साथ मिलकर नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप पर कल शाम करीब सात बजे किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि परीक्षण के दौरान अग्नि प्राइम मिसाइल ने अपने सभी मानकों और उद्देश्यों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान विभिन्न सेंसर लगाए गए थे, जिनमें मिसाइल परीक्षण से संबंधित डाटा इकट्ठा किया गया। मिसाइल परीक्षण के दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड के प्रमुख समेत डीआरडीओ के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, स्ट्रैटेजिक फोर्सेस को बधाई दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि मिसाइल के सफल परीक्षण से सुरक्षा बलों को मजबूती मिलेगी। सीडीएस जनरल अनिल चौहान और डीआरडीओ के चेयरमैन समीर वी कामत ने भी अग्नि प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण पर बधाई दी।



**सफलता**

- अग्नि प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण पर बधाई दी

बोले- नौकरी के नाम पर गरीबों की जमीन ले लेते थे


# बिहार में मोदी की रैली पीएम का लालू पर हमला

पटना

**एजेंसी**

तेजस्वी यादव ने जमुई को लेकर पीएम मोदी से सवाल पूछे थे। सीएम नीतीश ने पुल दिखाते हुए जवाब की शुरुआत की। पीएम मोदी ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा कि यहां उस राज में सड़कें नहीं बनने दी जाती थी। गरीबों को नौकरी देने के नाम पर जमीन लिखा लेते थे।

आज बिहार के 85 लाख से ज्यादा किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जमुई में ही किसानों को इस योजना के तहत 850 करोड़ रुपये से अधिक उनके बैंक खाते में पहुंचे हैं। यह घमंडिया गठबंधन की सरकार होती तो क्या आपके खाते में सीधे पैसे भेजने की योजना बनती क्या? यह लोग आपके पैसे लूट लेते और आपसे हस्ताक्षर करवा लेते कि पैसा मिल गया है। एक-दूसरे को जेल में बंद करने की मांग करने वाले आपको डरा रहे हैं कि मोदी आया....! भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें, यह मोदी नहीं आया। 140 करोड़ देशवासियों का गुस्सा निकल कर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन शब्दों के साथ राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव को सीधा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनके समय गरीबों को नौकरी देने के नाम पर जमीन लिखवा ली जाती थी। नीतीश जी भी रेल मंत्री थे, उनपर तो कभी ऐसा दाग नहीं लगा। जिनकी पहचान अपहरण उद्योग की रही, वह सड़क नहीं बनने देते थे। वह बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं, जबकि हम नीतीश कुमार के साथ रहकर बिहार में सड़क और हाइवे बना रहे हैं। मोदी ने बिहार में जंगलराज से लेकर राम मंदिर तक की बात की। उन्होंने कहा कि जंगलराज में बेटियां बाहर नहीं निकल पाती थीं। उठा ली जाती थीं। अपहरण ही उद्योग था।



प्रधानमंत्री ने अयोध्या के राम मंदिर की चर्चा करते हुए कहा कि राजद-कांग्रेस ने राम मंदिर को बनने से रोकने में पूरी ताकत लगा दी थी। आज भी यह लोग राम मंदिर का उपहास करते हैं। इन्होंने हर मौके पर बिहार और बिहार गौरव का अपमान किया है। यही लोग कर्पूरी ठाकुर का अपमान करते थे। हमारी सरकार ने बिहार के गौरव कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया तो इन लोगों ने विरोध किया।


# तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने वनभूलपुरा निवासी एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। संबंधित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि बीते बुधवार को एसआई दिनेश चंद्र जोशी, कान्स्टेबल सन्तोष बिष्ट और भूपाल सिंह मीरा मार्ग, सदर बाजार की ओर से गस्त करते हुए रामलीला मैदान की तरफ पहुंचे। यहां एक व्यक्ति उन्हें देखकर भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर उसे रामलीला मैदान के पिछले गेट के पास पकड़ लिया गया। उसने अपना नाम मोहम्मद जिशान (20) पुत्र अफसर अली निवासी इंदिरानगर धर्मकांटे के पास थाना वनभुलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अदद तमंचा और चैंबर से एक राउंड बरामद हुआ। पकड़ा गया युवक लाइसेंस मांगने पर माफी मांगने लगा। पुलिस ने युवक पर मुकदमा दर्ज करते हुए उसे हिरासत में ले लिया।



### चाकू के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। राजपुरा चौकी एसआई नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल विजय भारद्वाज ने गस्त के दौरान सन्नी कैंटीन के सामने सुअर बाड़े के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में खड़े देखा। शक होने पर उसे पकड़कर तलाशी ली गई तो उसकी जेब से एक चाकू मिला। उसने अपना नाम विक्की सिह निवासी ग्राम रतुवानगला थाना टांडा जिला रामपुर व हाल निवासी राजपुरा बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# दुधारू गाय दिलाने के नाम पर छह लाख ठगे

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

एक व्यक्ति ने दुधारू गाय दिलाने के ऐवज में एक महिला से छह लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता की शिकायत पर महिला ने संबंधित व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया है।



आवास विकास कॉलोनी निवासी सविता पत्नी सूरज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि मनोज नैनवाल नाम के एक व्यक्ति ने उन्हें कामधेनू योजना के तहत उच्च नस्ल की दुधारू गाय दिलवाने की बात कही। जिसके ऐवज में उससे 6,00,000 लाख रुपये की रकम ले ली। ये रकम उसने किस्तों के तौर पर मनोज नैनवाल को यूपीआई के माध्यम से दी। महिला ने आरोप लगाया कि मनोज नैनवाल पूर्व में भी ठगी के केस में पिथौरागढ़ जेल में बंद रह चुका है। जो कि 2022 में जमानत पर रिहा हुआ है।

पीड़िता सविता ने बताया कि मनोज ने खुद को देश की एक बड़ी कंपनी का मैनेजिंग डायरेक्टर बताया था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि रकम लेने के बाद से मनोज नैनवाल अपने घर और कार्यालय से फरार चल रहा है। इधर, कोतवाली पुलिस ने मनोज नैनवाल पर मुकदमा दर्ज किया है।

# तेज गर्जना के साथ उड़ते रहे एयरफोर्स के विमान

देहरादून

**हमारे संवाददाता**

भारतीय वायुसेना के विमानों द्वारा अभ्यास किया जा रहा है। यह सभी विमान 30 से 40 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

देहरादून के आसमान में लगातार दूसरे दिन भी वायु सेवा के विमानों की आवाजाही से आसमान थर्रा गया। वायु सेवा के चार इंजन वाले कुल तीन आईएल 76 विमान भारी गर्जना के साथ जौलीग्रांट के आसमान से होते हुए मसूरी की तरफ आगे बढ़े। कुछ विमान जौलीग्रांट से उत्तरकाशी होते हुए हिमाचल की सीमा में दाखिल हुए। वहीं कुछ विमान देहरादून की वायु सीमा से वापस होकर लौटे। बताया जा रहा है कि भारतीय वायुसेना के इन विमान द्वारा अभ्यास किया जा रहा है। जिस कारण वायु सेवा के कई तरह के विमान दून के आसमान से आगे बढ़ रहे हैं। यह सभी विमान 30 से 40 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए आगे बढ़ रहे हैं। सुबह पौने छह बजे एक सी 30जे विमान जौलीग्रांट के आसमान से होता हुआ वापस लौटा।



बुधवार को भी देहरादून के आसमान में विमान सुबह से लेकर शाम तक भारी गर्जना के साथ कई बार चक्कर काटता रहा। चार इंजन वाला एयरफोर्स का आईएल 76 मालवाहक यह विमान 29 हजार फिट से अधिक की ऊंचाई पर 400 केटीएस की स्पीड से उड़ रहा था।

देहरादून एयरपोर्ट पर आवाजाही करने वाले विमान डोईवाला की तरफ से आवाजाही करते हैं। जो एयरपोर्ट पर लैंड या टेकऑफ के समय काफी नीचे रहते हैं। लेकिन यह विमान काफी ऊंचाई पर जौलीग्रांट के आसमान से होते हुए देहरादून की तरफ घूमता रहा।

### जम्मू से कटड़ा के बीच मिलेगी सीधी हेलीसेवा

माता वैष्णो देवी दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अब जम्मू से कटड़ा के बीच सीधी हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध होगी। राजभवन में उप राज्यपाल एवं श्रीमाता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के चेयरमैन मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की 72वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में 27 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में लिए गए फैसले के अनुसार, स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए ककरयाल (कटड़ा) में श्राइन बोर्ड का मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा।

# दहशत: आग से धधके ज्योलीकोट के जंगल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भले ही अभी गर्मी ने मात्र दस्तक देना ही शुरु किया है लेकिन दस्तक देते ही जंगल के दुश्मनों ने अपना खेल खेलना शुरु कर दिया है। नैनीताल के साथ ही ज्योलीकोट के जंगल भी आग की चपेट में आने शुरु हो गए हैं। दूसरी ओर वन महकमा भी आग की सूचना पर बिल्कुल अलर्ट मोड में आ चुका है और जी-जान से वनों को आग से बचाने में जुट गया है लेकिन अभी तक किसी भी जंगल के दुश्मन को पकड़ नहीं पाया है।

बता दें कि नैनीताल- भवाली रोड में टूटा पहाड़ क्षेत्र में मंगलवार की देर रात भीषण आग लग गई। देर रात आग की लपटें देख लोग दहशत में आ गए। जब आग आवासीय क्षेत्र की ओर बढ़ी तो हाहाकार मच गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की नैनीताल भवाली रोड में टूटा पहाड़ क्षेत्र के लोगों ने हल्का धुंआ देखा था लेकिन देखते ही देखते आग ने रात 11 बजे तक विकराल रूप ले लिया। खड़ी पहाड़ी



और सूखे पत्ते होने के चलते आग फैल गई। आग की लपटों को देख तल्लीताल क्षेत्र में लोग दहशत में आ गए। आग आवासीय क्षेत्र की ओर बढ़ी तो लोगों ने दमकल व वन विभाग को सूचित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची दमकल व वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग खाली चट्टान में होने के चलते रात 12 बजे तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि वन विभाग की टीम को मौके पर भेज दिया गया था।

खड़ी चट्टान होने के चलते वहां पहुंचने में दिक्कतें आ रही थी लेकिन रात ही आग पर काबू पा लिया था। दूसरी ओर ज्योलीकोट के समीपवर्ती क्षेत्र के जंगल में बुधवार की सुबह आग लग गई। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुँच आग बुझाने में जुटी रही। बता दें कि बुधवार सुबह ज्योलीकोट के समीप जंगल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। लगभग दो घंटे के बाद हवा के झोंको के साथ आग ने जंगल को बड़े क्षेत्र को चपेट में ले लिया। देखते ही देखते जंगल धधकने लगा और क्षेत्र में धुंआ फैल गया। आग को तेजी से फैलता देख क्षेत्र में हडकंप मच गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुँचे वन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। लेकिन हवा होने व पहाड़ी क्षेत्र होने के चलते आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि जंगल में आग लगने की सूचना मिलने के बाद मरोरा व भवाली रेंज की टीमों को क्षेत्र में आग बुझाने के लिए भेज दिया था जल्द ही आग पर लिया गया।

## नाबालिग को तेज गति से बाइक दौड़ाना पड़ा महंगा

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में बुधवार को नाबालिग को तेज गति से बाइक दौड़ाना महंगा पड़ा गया। कोतवाली पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया। इसके अलावा नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने व यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तीन के वाहन सीज कर 38 लोगों का चालान किया गया। क्षेत्र में यातायात व्यवस्थाओं को लेकर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह सख्त हो गए हैं। बुधवार को उन्होंने कई स्थानों पर चैकिंग अभियान चलाया। मस्जिद तिराहे के समीप चैकिंग के दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार को रोका। जिसके पास न तो लाइसेंस मिला न कोई कागजात। कोतवाल सिंह ने त्वरित बाइक को सीज कर दिया। इसके अलावा ट्रिपल राईडिंग, फोल्डिंग नंबर प्लेट तथा लापरवाही से वाहन चलाने पर तीन अन्य बाइकें सीज की तथा 20 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि पार्क में धूम्रपान करने तथा नो पार्किंग में वाहन पार्क करने वाले 18 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।




## आदि कैलाश यात्रा के दूसरे दल में 18 यात्री शामिल

पिथौरागढ़/नैनीताल

हमारे संवाददाता

हेली सेवा के माध्यम से चलाई जा रही यात्रा में बुधवार को आदि कैलाश यात्रा के दूसरे दल जिसमें 18 यात्री शामिल हैं को कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई।

इस दौरान यात्रियों ने यात्रा में जाने से पूर्व नैनी सैनी एयरपोर्ट परिसर में पौधारोपण किया। यात्रियों ने कहा कि वे जहां आदि कैलाश व ओम पर्वत के दर्शन करेंगे वहीं अपने घर पहुंचने पर यात्रा की सफलता पर पौधारोपण अवश्य करेंगे। यात्रियों ने दिनेश गुरुरानी द्वारा हिमालय बचाओ अभियान के तहत की जा रही पहल की सराहना की तथा कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए यह पहल बहुत जरूरी है । यात्रियों का स्वागत कुमाऊंनी रीति रिवाज के तहत माला डालकर व छोलिया नृत्य के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्य समेत ट्रिप टू टेंपल के माधव वेद प्रकाश, हंसी, रचना, विजय बोरा, हर सिंह, नरेंद्र थापा तथा भगवान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नैनीताल रोड पर कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लोक सभा चुनाव के मद्देनजर जिले के भवाली नगर के नैनीताल रोड स्थित एक हॉल में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कंचन सुयाल के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

इससे पूर्व पंडित दिनेश तिवारी ने विधिवत पूजा अर्चना की। कांग्रेसी नेता पुष्पेश पाण्डे ने सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी की जीत के लिए संकल्प लिया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सद्दा मिया समेत नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कंचन सुयाल तथा महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट आदि ने मिलकर कार्यालय का उद्घाटन किया। वक्ताओं ने कहा कि सभी बूथों को मजबूती से जीतकर सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी को जीताना है। कहा देश का लोकतंत्र संविधान खतरे में है। देश के 80 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। मंहगाई से लोग परेशान हैं। अब सरकार को बदलने का समय है। देश का पिछले 10 वर्षो में नुकसान हुआ है। रिजर्व बैंक का पैसा अकाल कक स्थिति में लिया जाता था सरकार ने उस पैसे का स्तेमाल किया है। सरकार जात पात धर्म की राजनीति कर रही है।

कहा कि कांग्रेस अपनी पाँच गारंटी लेकर लोगो के बीच जाएगी। वक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश डिवाइडी चन्द्रचूर्ण जिंदाबाद के नारे लगाए गए। कहा सही मायनों में वह लोकतंत्र व संविधान लो बचने के लिए अच्छा कार्य कर रहे हैं। देश की जनता उन्ही के साथ है। इस दौरान युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अफसर अली, जिला उपाध्यक्ष सुजान सिंह रजवार, मोहन लाल साह, हरीश सिंह बिष्ट, भुवन लाल साह, पुष्पेश पाण्डे, लोकेश जोशी, सद्दा मिया, शेर सिंह बिष्ट, दयाल आर्य, अनिल जोशी, हरेंद्र आर्या, रमेश आर्या, उषा कन्नौजिया, शांति तिवारी, जानकी आर्या, जया कपिल, धनी दुम्का, कमल गोस्वामी, कांग्रेस जिला महासचिव संजय टम्टा, अंकित आर्या, योगेश कुमार, पीयूष नेगी, भास्कर आर्या, दीपक कुमार, हिमांशु कुमार तथा संजय शर्मा तथा सुनील कुमार आदि रहे।

## NEWS / फटाफट

### आचार संहिता: शस्त्र जमा करने को लोगों से अपील की

**नैनीताल।** आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से ही पुलिस इसके अनुपालन में जुट गई है। जिसके तहत जिला मुख्यालय नैनीताल के मल्लीताल कोतवाली व तल्लीताल थाना क्षेत्र के पुलिस की ओर से शस्त्र जमा करने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। जिसके तहत लगभग 90 प्रतिशत लोगों ने अपने शस्त्र जमा करा लिए हैं। जानकारी के अनुसार तल्लीताल थाने में 603 में से 565 व मल्लीताल कोतवाली में 302 में से 260 लोगों ने शस्त्र जमा कर दिए हैं। तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि लोगों से जल्द से जल्द शस्त्र जमा करने की अपील की जा रही है।

### श्रीमद् भागवत कथा में प्रसंगों का शानदार वाचन

**नैनीताल।** जिले के ज्योलीकोट के समीप स्थित ग्राम सरियाताल में कमला जीना पत्नी स्वर्गीय नन्दन सिंह जीना के आवास पर श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस यानी बुधवार की कथा का सुन्दर वर्णन करते व्यास हरिओम शास्त्री ने कहा कि मनुष्य शरीर में जन्म चौरासी लाख योनियों को भुगतने के बाद सौभाग्य से मिलता है, लेकिन हम सांसारिक जीवन में मदमस्त होकर इसे बर्बाद कर देते हैं। इस दौरान शास्त्री हरिओम ने विभिन्न प्रसंगों का शानदार वाचन किया। आचार्य संजय सती, हिमांशु भट्ट और संगीत आचार्य हिमांशु कांडपाल, मनोज पाठक एवं भानु प्रकाश जोशी एवं संत सोलह मणि महाराज द्वारा संगीतमय प्रस्तुति देकर सहयोग किया जा रहा है। बुधवार को भीमताल ब्लाक के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट तथा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप सिंह जीना सहित सैकड़ो भक्त लोग उपस्थित रहे।

### कुमाऊं आयुक्त ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

**नैनीताल।** सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह से बुधवार को राजभवन नैनीताल में आयुक्त कुमाऊं मण्डल दीपक रावत ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से मंडल के विभिन्न समसामयिक विषयों पर जानकारी ली। इस इस दौरान राज्यपाल ने जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह और जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा से भी जिले की विभिन्न जानकारियां ली।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## कुलपति प्रो. रावत ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट
## शैक्षणिक व शोध क्षेत्रों की प्रगति के बारे में बताया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने बुधवार को सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह से राजभवन नैनीताल में शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं शोध क्षेत्रों में हो रही प्रगति से विस्तार से अवगत कराया।

कुलपति प्रो.रावत के मुताबिक राज्यपाल ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय में हो रहे नवाचार एवं विकास कार्यों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति एवं विकास हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत ने इस वर्ष से प्रत्येक विभाग में स्नातकोत्तर कक्षाओं के दो छात्रों को प्रदान की जा रही प्रति माह 7500 रुपये की वाइस चांसलर इंटर्न फेलोशिप, पीएम(उषा) के अंतर्गत प्राप्त होने वाले 100 करोड़



के अनुदान, न्यूयार्क (यूएसए) स्थित कंपनी चार्ज सीसीसीवी (सीफोरवी) प्रदान की जा रही फेलोशिप, क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड द्वारा 10 मेधावी छात्राओं के शिक्षण शुल्क को वहन करने की जिम्मेदारी और इंटर्नशिप की पेशकश की जानकारी प्रदान की गई।

इसके साथ कुलपति प्रो. रावत ने विश्वविद्यालय में शोध, अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पात्र शिक्षकों हेतु आरम्भ की गई आंतरिक अनुसंधान निधि, स्नातक/परास्नातक छात्रों के लिए टैलेंट हंट (प्रतिभा खोज) कार्यक्रम के तहत वित्त पोषण की शुरुआत के साथ ही डायरेक्टरेट आफ विजिटिंग प्रोफेसर्स के सन्दर्भ में भी अवगत कराया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. रावत के साथ डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. संतोष कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र सिंह राणा, महादेवी सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष मौर्य ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट कर अपने-अपने विभागों के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई।

## एक वर्ष पहले अगवा किशोरी बरेली से बरामद आरोपी भी हिरासत में

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पुलिस ने करीब एक वर्ष पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर अगवा कर ले जाकर उससे दुराचार करने आले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से अगवा की गई किशोरी को भी बरामद कर ली।

रुद्रपुर निवासी एक व्यक्ति ने पहाड़गंज निवासी विपुल पर किशोरी को गत 1 अप्रैल 2023 को बहला फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाया। युवक पर किशोरी से दुष्कर्म करने का भी आरोप है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने किशोरी की बरामदगी को तलाश की। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि विपुल को उत्तर प्रदेश के

**आरोप**

- बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने का भी आरोप
- मेडिकल परीक्षण को भेजा जा रहा है किशोरी को

थाना किला की पुलिस ने किशोरी सहित संदिग्ध अवस्था में घूमते हिरासत में लिया था। इसकी सूचना रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दी। इस पर कोतवाली पुलिस ने थाना किला पहुंच विपुल के विरूद्ध दर्ज मुकदमे के दस्तावेज प्रस्तुत किये। जिसके बाद औपचारिकतायें पूर्ण कर पुलिस टीम आरोपी युवक विपुल को अपनी हिरासत में लेकर बरामद किशोरी सहित यहां लौटी। उन्होंने बताया कि किशोरी को मेडिकल परीक्षण को भेजा जा रहा है।

# अभिमत

## जायज सवाल

***राजनीति के जानकारों का मानना है कि दलबदल करने वालों को भाजपा में कोई खास उपलब्धि हासिल नहीं होगी। विधायक व पूर्व विधायक को अगले विधानसभा चुनाव में टिकट मिल सकता है। फिलहाल तो जांच और छापामार कार्रवाई से बचाव की उम्मीद है, इसी लिए सुरक्षित ठिकाने के तौर पर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। करन माहरा ने दलबदल करने वालों के पुराने बयान और भाजपा में शामिल होने वाले बयान का भी उल्लेख किया है। करन माहरा भलीभांति जानते हैं कि नेता स्वार्थ के लिए कुछ भी बोल सकते हैं। जनता भी नेताओं की बात पर गंभीरता से नहीं सोचती है।***

राजनीति में दलबदल कोई नई बात नहीं है। चुनाव नजदीक आने पर मौकापरस्त नेता उछलकूद ज्यादा करते हैं। राजनीति में सिद्धांतों का महत्व नहीं रह गया है। हानि-लाभ का लेखाजोखा मायने रखता है। पूरे देश में बड़े-बड़े नेताओं, उनके परिवार के सदस्यों, करीबी लोगों के खिलाफ जांच हो रही है। सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर के छापे पड़ रहे हैं। कुछ नेता तो जेल में हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए छापेमारी की जा रही है। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो विरोधियों के खिलाफ सीबीआई का दुरुपयोग करने का आरोप लगता था। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार को मुलायम सिंह यादव और मायावती ने सीबीआई जांच को दबाये रखने के लिए समर्थन दिया था। उत्तराखंड में कांग्रेस के कई नेताओं के खिलाफ जांच हो रही है। छापेमारी हुई है। इसी बीच आधा दर्जन से अधिक बड़े नेताओं ने पाला बदला है। कांग्रेस डूबता हुआ जहाज साबित हो रहा है। कांग्रेस के संदर्भ में यह कहावत चरितार्थ हो रही है कि 'जब जहाज डूबता है तो चूहे सबसे पहले भागते हैं।' कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा में शामिल होने वालों के बारे में सवाल उठाया है। करन माहरा ने भाजपा से पूछा है कि कांग्रेस में रहते हुए जिन नेताओं के खिलाफ जांच हो रही थी, क्या भाजपा में शामिल होने के बाद भी जारी रहेगी अथवा जांच बंद कर दी जायेगी। ऐसा तो नहीं है कि भाजपा वाशिंग मशीन साबित हो और उसमें शामिल होने वाले सभी दागदार साफ हो जायें। हरक सिंह रावत और उनकी पुत्रवधु अनुकृति गुसाईं के खिलाफ जांच की जा रही है, छापे मारे गये हैं। इसी बीच अनुकृति गुसाईं ने कांग्रेस छोड़ दी। राजेन्द्र भंडारी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट को विधानसभा चुनाव में पराजित किया था, इन दोनों के बीच छत्तीस का आंकड़ा था। राजेन्द्र भंडारी भाजपा में शामिल हो गये, जबकि कांग्रेस में उनका दबदबा था। करन माहरा ने पोल खोल अभियान चलाकर कांग्रेस छोड़ने वालों के बारे में मीडिया को जानकारी देते रहने का निर्णय किया है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि दलबदल करने वालों को भाजपा में कोई खास उपलब्धि हासिल नहीं होगी। विधायक व पूर्व विधायक को अगले विधानसभा चुनाव में टिकट मिल सकता है। फिलहाल तो जांच और छापामार कार्रवाई से बचाव की उम्मीद है, इसी लिए सुरक्षित ठिकाने के तौर पर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। करन माहरा ने दलबदल करने वालों के पुराने बयान और भाजपा में शामिल होने वाले बयान का भी उल्लेख किया है। करन माहरा भलीभांति जानते हैं कि नेता स्वार्थ के लिए कुछ भी बोल सकते हैं। जनता भी नेताओं की बात पर गंभीरता से नहीं सोचती है।

# खाली बाल्टी लेकर जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



इंदिरा नगर वार्ड संख्या 32 के लोगों ने खाली बाल्टी लेकर जल संस्थान के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की लोगों का आरोप है क्या आजकल रमजान को दिन में दिनों में लोगों को पीले का पानी नहीं मिल रहा है बार-बार शिकायत करने के बाद भी जल संस्थान के कर्मचारी व अधिकारी तेजल की समस्या हल नहीं कर रहे हैं और जहां पर पानी की समस्या बनी हुई है।

वहां पर कोई भी अधिकारी व कर्मचारी आने को तैयार नहीं यहां के पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने बताया जिंदा लगा दुर्गा मंदिर के आसपास अथवा इंदिरा नगर सबरी मस्जिद आसपास इंदिरा नगर बरसाती आदि क्षेत्रों में पिछले 5 दिनों से लोगों के घरों में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है लोग दिन रात अपने लैंड चेक करते हैं पर उनके नलों में पानी नहीं टपकता यहां के लोग कई कई किलोमीटर दूर जाकर पानी लाकर अपना गुजारा कर रहे हैं सलमानी ने क्षेत्र की महिलाओं के साथ मुख्य सड़क पर आकर जल संस्थान के विरुद्ध नारेबाजी की और चेतावनी दी जल्दी पानी की समस्या हल नहीं हुई सुबह आम जनता को लेकर जल संस्थान में अधिकारियों का घेराव करेंगे तथा धरना प्रदर्शन करेंगे । यहां के लोगों का कहना था मंदिर हो या मस्जिद दोनों जगह पर पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है लोगों ने कहा कि गर्मी शुरू होते ही पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है और जब संस्थान के अधिकारी अपनी आंख कान नाक बंद करके बैठे हैं। आज के प्रदर्शन में मेहरुन्निसा, सगीरन, मुक्तरी बेगम, शमा, शादिकन, नजला यासमीन, कुंवारी राखी, भगवती देवी, माया देवी, शाहिद बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में खाली बाल्टिया लेकर जल संस्थान के विरुद्ध नारेबाजी की।

## 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नैनीताल।** उद्यमिता विकास योजना के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग में वर्तमान में चल रहे 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (ईडीपी) का पांचवें दिवस यानी बुधवार को विभिन्न विद्वानों के साथ-साथ क्षेत्र के सफल उद्यमियों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के गुर सिखाए गए ताकि युवा रोजगार की तलाश में जाने की बजाए अपना स्वरोजगार स्थापित कर सके। छात्र-छात्राओं को बताया कि उन्होंने कैसे आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए करने करने के बाद विदेश में सेवा करने के बावजूद देवभूमि को अपनी कर्मभूमि बनाना उचित समझा।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पियूष कुमार से बदलकर पियूष कुमार गोयल रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे पियूष कुमार गोयल नाम से जाना पहचाना जाए।- पियूष कुमार गोयल पुत्र बालकिशन, 8/292, वार्ड नं. 15, शिव मंदिर, हीरानगर, हल्द्वानी (नैनीताल)

# उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों से मंगाई फोर्टिफाइड मीठे सुगंधित दूध की डिमांड

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड के सभी जिलों के सरकारी व अर्द्धसरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं को फोर्टिफाइड मीठा सुगंधित दूध दिया जा रहा है। इस क्रम में शासन स्तर से निर्देश जारी कर दुग्ध चूर्ण की एक्सपायरी की तिथि जांचने, विद्यालय व संकुलवार सूचना तैयार कर दुग्ध चूर्ण की डिमांड की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया है।

अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तराखंड डॉ.मुकुल सती ने प्रदेशभर के जिला शिक्षाधिकारी को पत्र जारी कर कहा है कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना के अंतर्गत पीएम पोषण से आच्छादित विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को सप्ताह में दो दिन फोर्टिफाइड मीठा सुगंधित दूध दिये जाने का प्रावधान है, वर्तमान में तीन माह यानि 12 सप्ताह के लिए दुर्गध चूर्ण की मांग उत्तरा ंड डेरी फोडरेशन लिमिटेड से की जानी है, इसके लिए जनपदों से दुग्ध चूर्ण की मांग की सूचना की आवश्यकता है। इसके लिए विद्यालयों में अवशेष दुग्ध चूर्ण व कितने समय से लिए उपलब्ध है की समीक्षा करने को कहा गया है। यदि विद्यालय में दुग्ध चूर्ण अधिक है तो उसका समय पर उपयोग किया जाए।

कहा गया है कि दुग्ध चूर्ण की मांग की विद्यालय व संकुलवार सूचना तैयार कर तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। स्पष्ट किया गया है कि सूचना के अभाव में यदि समयांतर्गत दुग्ध चूर्ण विद्यालयों को प्राप्त नहीं होता है तो संपूर्ण जि मेदारी जिला शिक्षाधिकारी की होगी।

### रागी स्वास्थ्य पेय भी देंगे

सरकारी व अर्द्धसरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को रागी स्वास्थ्य पेय ाी दिया जाएगा। बताया गया कि यह मडुवा के आटे की तरह घोल बनाकर दिया जाएगा। प्रति छात्र इसकी खुराक भी तय कर दी गई है। जैसे 10 छात्रों के लिए 1.5 लीटर पानी में 50 ग्राम फोर्टिफाइड रागी पाउडर 100 से 150 ग्राम दूध पाउडर और चीनी में मिलाकर दिया जाएगा।

### निर्देश

- **अपर परियोजना निदेशक ने जिला शिक्षाधिकारी को जारी किये निर्देश**
- **विद्यालयों में उपलब्ध दुग्ध चूर्ण की एक्सपायरी भी जांचने को कहा**

# फिल्मी दुनिया

## सीधे ओटीटी पर रिलीज होगी काम चालू है




*राजपाल यादव स्टारर काम चालू है एक कॉमेडी फिल्म है। ये फिल्म समाज की असलियत से भी पर्दा उठाती दिखेगी। पलाश मुच्छल ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। मेकर्स ने आज फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर इसका प्रीमियर होगा। मशहूर अभिनेता राजपाल यादव स्टारर फिल्म काम चालू है एक कॉमेडी फिल्म है। ये फिल्म समाज की असलियत से भी पर्दा उठाती हुई दिखाई देगी। पलाश मुच्छल ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। राजपाल यादव के अलावा जिया मानेक भी फिल्म में अहम भूमिका में हैं। ये फिल्म जल्द ही अपनी रिलीज के लिए तैयार है। काम चालू है को सीधा ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने आज फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म जी5 पर इस फिल्म का प्रीमियर होगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म जी5 ने आज फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाते हुए घोषणा की है कि ये फिल्म सिनेमाघरों की जगब सीधे ओटीटी पर रिलीज की जाएगी। जी5 ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए फिल्म के प्रीमियर की तारीख बताई है। 19 अप्रैल को इस फिल्म का प्रीमियर जी5 पर होगा। पलाश मुच्छल के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी असल जिंदगी पर आधारित है। राजपाल यादव और जिया मानेक के अलावा इस फिल्म में बाल कलाकार कुरांगी नागराज में अहम भूमिका में हैं।*

### क्या है काम चालू है की कहानी

*काम चालू है एक ऐसा शब्द है, जिसे आम आदमी को हर दफा सुनना पड़ता है। इसी काम के चलते काफी लोगों को बहुत कुछ सहना पड़ा है। राजपाल यादव की फिल्म काम चालू है इसी मुद्दे के इर्द गिर्द घूमती हुई दिखाई देगी। फिल्म के पोस्ट में अभिनेता सांगली की सड़क पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके कपड़े काफी गंदे दिख रहे हैं। वहीं साइड में राजपाल यादव कुरांगी के साथ खिलखिलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिल्म काम चालू है% को पलाश मुच्छल ने निर्देशित किया है। पलाश ने ही राजपाल यादव के साथ फिल्म अर्ध बनाई थी। फिल्म को बेसलाइन वेंचर्स और पाल म्यूजिक एंड फिल्म्स द्वारा इसे बनाया गया है।*

# पूर्ति विभाग की टीम को निरीक्षण में बंद मिली सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पूर्ति विभाग की टीम को छापामार कार्रवाई के दौरान रम्पुरा वार्ड 7 स्थित सस्ता गल्ला की दुकान बंद मिली। दुकान खुलवाने पर वहां कई अनियमिततायें भी पायी गयी। इस मामले में पूर्ति निरीक्षक ने दुकान का लाईसेंस निलंबित करने की बात कही है।

रम्पुरा वार्ड सात में सतीश आर्य के नाम से सस्ता गल्ला की दुकान आवंटित है। पूर्ति विभाग को इस डिपो पर अनियमितताएं और दुकान न खुलने की शिकायत मिल रही थी। जिस पर गुरूवार को पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी और चन्द्रशेखर कांडपाल ने दुकान पर औचक छापेमारी की तो दुकान बंद मिली। पूर्ति निरीक्षक के मुताबिक सस्ता गल्ला विक्रेता सतीश आर्य अपनी पत्नी का ईलाज कराने के लिए कई दिनों से ऋषिकेश गये हैं। इसी कारण कई दिनों से दुकान बंद चल रही है, जिसकी विभाग को कोई सूचना और छुट्टी का प्रार्थना पत्र भी नहीं दिया गया है। जांच करने पर पता चला कि गल्ला विक्रेता ने अप्रैल माह का राशन भी नहीं उठाया है।

जबकि हर माह 25 से 30 तारीख तक राशन अनिवार्य रूप से उठाना होता है। पूर्ति निरीक्षक ने मौके पर मौजूद गल्ला विक्रेता के पुत्र से दुकान खुलवाई तो दुकान में कई अनियमितायें पायी गयी। पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि मामले में गल्ला विक्रेता का लाईसेंस निलंबित किये जाने की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही कहा कि सस्ता गल्ला की दुकानों पर अनियमितायें बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### अनियमितता

- **पूर्ति निरीक्षक ने लाइसेंस निलंबित करने की बात कही**

News कॉर्नर

## सिडकुल में मिला लावारिस शव की नहीं हुई शिनाख्त

**रुद्रपुर।** चौकी सिडकुल झाड़ियों संदिग्ध हालात में अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद मोर्चरी में रखवा दिया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार को सूचना मिली कि सिडकुल में लेवर अड्डे के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। चौकी प्रभारी ने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मृतक के पास से कोई परिचय पत्र नहीं मिला है, पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 50 बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि संबंधित थाना पुलिस से संपर्क किया जा रहा है।

## आत्मनिर्भर कृषि की ओर रूख करने के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम

**नैनीताल।** जिले के ज्योलीकोट स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में बुधवार को ग्राम गेठिया की महिला कृषकों को सब्जी पौध उत्पादन द्वारा आत्मनिर्भर कृषि की ओर रूख करने के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डा. सी तिवारी द्वारा सब्जी पौध नर्सरी तैयार करने की वैज्ञानिक विधि की विस्तृत जानकारी के साथ किया गया। डा. बलवान सिह द्वारा सब्जी पौधशाला में जैविक उर्वरक के प्रयोग पर बल दिया गया तथा साथ ही पौधशाला बनाते समय बरती जाने वाली सावधानियां एंव जंगली पशुओं से पौधशाला के बचाव के लिए बाढ़ लगाने की सलाह दी गई जबकि डा. सुधा जुकारिया द्वारा महिला कृषकों को पोषण वाटिका में हरी सब्जियां उगाने उगाने के माध्यम से स्वास्थ रक्षा के साथ अतिरिक्त आय अर्जित करने में सहायक बताया गया। प्रशिक्षणों उपरान्त 20 महिला कृषकों को मौसमी सब्जीयों हरी मिर्च, शिमला मिर्च, टमाटर तथा कद्दू वर्गीय आदि की पौध विक्रय की गई। कार्यक्रम के अन्त में डा. शशि तिवारी के निर्देशन पर कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं महिला कृषकों द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान शपथ ग्रहण की गई।

# जनसभा: उत्तरकाशी में सीएम धामी का रोड शो

देहरादून/टिहरी
हमारे संवाददाता

सीएम धामी ने कहा कि परिवारवार को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन मुझे विश्वास है जनता इसका जवाब जरूर देगी। लोकसभा चुनाव को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आज टिहरी के घनसाली पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्य बाजार में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं यहां पर पीएम मोदी का पैगाम लेकर आया हूं। उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आज हर किसी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि घनसाली वीरों की धरती है। टिहरी झील को पर्यटन के रूप में




विकसित किया जा रहा है। जी 20 समेलन टिहरी में आयोजित किया गया। यह हमारे लिए गौरव की बात है। परिवारवार को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन मुझे विश्वास है जनता इसका जवाब जरूर देगी।

## विश्व में भारत का डंका बजा: धामी

सीएम धामी कहा कि नरेंद्र मोदी के देश में प्रधानमंत्री बनने के बाद विश्व में भारत का डंका बजा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड में तीन जी 20 करने का मौका दिया। इस दौरान सीएम धामी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश हित में अनेक बड़े फैसले लिए हैं। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से भारत के 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश तीन तलाक प्रथा खत्म हुई है।

# बैंक में बंधक मकान धोखाधड़ी से बेचने का लगाया आरोप

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

भूरारानी क्षेत्र की स्वागत इंक्लेव कालोनी में बैंक में बंधक प्लाट को धोखाधड़ी कर बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया हैं। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। यह प्लाट चार बार बिक गया।

प्लाट पर जब मकान बनने के बाद बैंक से रिकवरी का नोटिस आया तो मकान स्वामी के होश उड़ गये। भवन स्वामी ने मामले में विक्रेता और पीएनबी बैंक कर्मियों के खिलाफ तहरीर दी है तहरीर के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हाउस नंबर डी -13 स्वागत एनक्लेन भूरारानी निवासी मनोज कुमार पुत्र किशन चन्द्र कालरा ने पुलिस को दी तहरीर दी। तहरीर में कहा कि उसने एक प्लाट संख्या डी 13 खसरा नंबर 211/1 रकबा 167-28 वर्ग मीटर ग्राम भूरारानी में रजिस्ट्री वैनामा के जरिये आरती चन्द्रा पत्नी हिमाल चन्द्रा से 26 जुलाई 2021 को खरीदा था। प्लाट क्रय करने से पूर्व भूमि की खसरा खतौनी आदि जाँच की गई तो उस पर कोई लोन इत्यादि की प्रविष्टी नहीं पाई। विक्रेता ने भी विश्वास दिलाया कि उक्त प्लाट पर कोई लोन इत्यादि नहीं है।

प्लाट खरीदने के बाद उस पर 2022 में मकान का निर्माण पूर्ण कर लिया। बताया कि मार्च 2023 को पीएनबी के कर्मी आए और मकान मे नोटिस चस्पा करने लगे। पूछने पर बताया कि इस प्लाट को मनीष गर्ग पुत्र आरके गर्ग द्वारा पीएनबी में लिए गए लोन के एवज में सन 2009 में बंधक रखा गया है और डिफाल्टर होने पर यह प्लाट को विक्रय किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि जब उसने जानकारी ली तो ज्ञात पता चला कि मनीष गर्ग ने यह प्लाट शशि लता अग्रवाल पत्नी भूपेन्द्र अग्रवाल को सन 2012 मे विक्रय किया।

जिसके बाद शशि लता अग्रवाल द्वारा यह प्लाट दो भाग में आशा अरोरा पत्नी ओम प्रकाश अरोरा तथा रचना पत्नी राजकुमार को सन 2013 में विक्रय किया। उसके बाद रचना पत्नी राजकुमार ने आधा प्लाट आशा अरोरा को सन 2017 मे विक्रय कर दिया तथा आधा प्लाट सन 2018 में आशा अरोरा को विक्रय किया। इसके बाद आशा अरोरा पत्नी ओम प्रकाश अरोरा ने डी-13 खसरा 211/1 को आरती चन्द्रा पत्नी हिमाल चन्द्रा को सन 2018 में विक्रय किया। पीड़ित ने बताया कि प्लाट क्रय करने से पूर्व उत्तफ़ प्लाट की 5तौनी एंव पूर्व के तीन विक्रय पत्रे का पूर्ण अवलोकन किया गया जिसके अवलोकन से यह कतई स्पष्ट नहीं था कि प्लाट पर कोई ऋण इत्यादि भी लिया गया है।

## पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू

पीड़ित का आरोप है कि उसके साथ धोखाधड़ी, छल कपट कर प्लाट के पूर्व खरीददारो के साथ-साथ मनीष गर्ग द्वारा पीएनबी शाखा उचॉपुल हल्द्वानी के कर्मचारियों के साथ सांठ-गांठ कर बंधक किया हुआ प्लाट जिसका इन्द्राज भी जानबूझकर खतौनी में नहीं किया गया है, छल कपट कर रकम हड़पने की नियत से विक्रय किया गया है।

आरोप है कि पीएनबी शाखा उचापुल द्वारा जानबूझकर मनीष गर्ग पुत्र आरके गर्ग के साथ साठ-गांठ कर सन 2009 के लोन की एवज में रखे उत्तफ़ प्लाट का इन्द्राज जानबूझकर खतौनी में नहीं करवाया न ही रजिस्ट्री आफिस में कोई जानकारी दी गई। सन 2009 के उपरांत सन 2022 तक कोई भौतिक सत्यापन प्लाट का नही किया सन 2009 में यह प्लाट लगभग 5 बार विक्रय किया गया और खतौनी में हर बार खारिज किया गया। बैंक द्वारा कभी कोई आपत्ति न तो विक्रय होने पर न ही दाखिल खारिज होने पर की गई।

मनीष गर्ग ने तथ्यों को छिपाकर प्लाट की रजिस्ट्री अन्य व्यक्तियों को की गयी जिस धोखाधड़ी में पीएनबीबैंक भी शामिल है। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छः को प्रेक्षक प्रत्याशियों की प्रथम लेखा का निरीक्षण करेंगे

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने लोकसभा प्रत्याशियों के प्रथम लेखा निरीक्षण डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट सभागार में 6 अप्रैल शनिवार सुबह 10 बजे से किया जायेगा।

जानकारी देते हुए नोडल व्यय अनुवीक्षण/ मुख्य कोषाधिकारी डॉ पंकज कुमार शुक्ल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के प्रत्याशियों के चुनाव खर्च के लेखों का रखरखाव गठित लेखा टीमों द्वारा किया जा रहा है। उन्होने बताया कि लेखा निरीक्षण का कार्य व्यय प्रेक्षक द्वारा 6 अप्रैल शनिवार सुबह 10 बजे से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में किया जायेगा।

**निरीक्षण**
● गठित लेखा टीमों द्वारा हो रहा लेखों का रखरखाव

लेखा व्यय निरीक्षण हेतु सम्बन्धित लेखा टीमें व प्रत्याशी व्यय अभिकर्ता निर्धारित स्थान व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे ताकि लेखा निरीक्षण कार्य सम्पादित किया जा सके ।

# विधायक ने संजय नगर दर्जनों लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जहां विधायक शिव अरोड़ा ने रुद्रपुर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है।

क्षेत्र में जनसंपर्क कर भाजपा का ग्राफ बढ़ाने में लगे है। इस दौरान विधायक से शिव अरोरा ने संजय नगर खेड़ा में अन्य दलों के दर्जनो लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। विधायक ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी के नाम की सुनामी चल रही और अन्य दलों के नेता लगातार भाजपा का दामन थाम रहे हैं दर्जनों युवाओं ने भाजपा में आस्था जताते



हुए भाजपा का दामन थामा। विधायक ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया। पार्टी में होने वालों में तरुण सरकार, सुनील सरकार, दिलीप सरकार, प्रदीप सरकार, हिमांशु सरकार, मनोज सरकार, पंकज, जतिन,राहुल, अंकित सरकार,तुषार सरकार,नारायण आदि लोग शामिल हैं। कार्यक्रम में विधानसभा सहसंयोजक सुरेश कोली, रोबिन विश्वास, शिव कुमार राय, प्रियंका विश्वास आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रत्येक बूथ पर करेंगे कार्यक्रम

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाएगी। यह बात कहते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा स्थापना दिवस पर प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम किए जाएंगे।

स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी छत पर भाजपा का झंडा लगाकर सेल्फी लेकर फेसबुक में डालेगा और धूमधाम से भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से बनाएगा। उन्होंने बताया कि इस दिन भीमताल विधानसभा में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यकर्ताओं



को संबोधित करेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ में कार्यकर्ता जनसंपर्क कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 1 अप्रैल से में भी पन्ना प्रमुख कार्यक्रम की शुरुआत की है और प्रत्येक बूथ में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। बिष्ट ने बताया कि प्रत्येक 1010 बूथ पर स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक बड़ी रैली जल्दी होनी है, चुनाव से पूर्व एक बड़ी रैली जिसमें बड़े स्टार प्रचारक के आने की संभावना है।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने जनसंपर्क अभियान चलाया

हल्द्वानी /भीमताल
हमारे संवाददाता

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने आज भीमताल विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान बडैत, हैड़ाखान, खनस्यू, पतलोट, भिड़ापनी, हरिनगर, मौरनोला और पहाड़पानी आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया तथा जनसभा के माध्यम से पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के कांग्रेस के रोडमैप से अवगत कराया।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के ही काम नही आ पा रही, इसके कारणों को पता करके दूर करने का कार्य किया जायेगा। अग्निवीर



योजना को बंद कर सेना को फिर से मजबूत कर युवाओं के सपनो को फिर से आबाद किया जायेगा। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि भीमताल स्वतंत्रता सेनानि परिवारों का गढ़ है। विकास पुरुष पंडित नारायण दत्त तिवाड़ी जी की जन्मभूमि है। इसी नाते भीमताल मे कांग्रेस की जड़े बहुत मज़बूत है और इसका फायदा कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को अवश्य मिलेगा। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी गोपाल बिष्ट, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरू, भीमताल चैयरमेन दीपू चनौतिया, राजेंद्र बिष्ट, नंदन दुर्गापाल, डॉ. केदार पलड़िया, बलवंत बोरा, ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र बोरा, जिला महामंत्री प्रताप बर्गली, खीमराज बिष्ट, मनोज आर्य, संजय, दीवान सिंह मटियाली, दया किशन, मदन बोरा, दयाल सिंह, नवीन पलड़िया, प्रताप संभल, इंदर सिंह संभल, दयाल संभल, प्रताप राम, तेज सिंह मेहता आदि लोगो ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी संग प्रचार प्रसार में सहयोग दिया।